दिनाँक 15 मार्च 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय के संभाग तृतीय के सभागार में 'प्लेसमेंट सेल' के तत्वाधान में एक विशाल कैंपस का आयोजन किया गया I जिसमें फरीदाबाद व् पलवल जिले के कई कॉलेजेस ने शिरकत की I जिसमें सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल व् डी ए वी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, फरीदाबाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे I अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंदर गुप्ता जी एवं अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहते हैं I इसी श्रंखला में प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ शिल्पा गोयल के कुशल नेतृत्व में एवं डॉ मनोज शुक्ला, डॉ प्रवीण गुप्ता, डॉ सचिन गर्ग आदि सदस्यों के सहयोग से यह आयोजन किया गया I इस सुअवसर पर TCS कंपनी के अधिकारीयों ने स्नातक स्तर के समस्त विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में जानकारी दी और साक्षात्कार लिए I Aptitude Test के साथ-साथ विद्यार्थियों के तीन चरणों में साक्षात्कार लिए गए I चयनित विद्यार्थियों को गुडगाँव, दिल्ली, नोएडा इत्यादि स्थानों पर नियुक्त किया जायेगा I

यह अंतरमहाविद्यालय कैंपस प्लेसमेंट अग्रवाल महाविद्यालय के तीनों संभागो के प्रवक्ताओं मोहिनी वर्मा, प्रीती मालिक, सविता गुप्ता, नीलम तंवर, सारिका अग्रवाल, सीमा बहल, भावना गुप्ता, तृप्ति गर्ग, स्वाति अग्रवाल, स्नेहलता, मेघा गर्ग, नेहा ठाकुर, काजोल के सहयोग से संपन्न हुआ I महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी ने प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ शिल्पा गोयल, डॉ प्रवीण गुप्ता एवं डॉ सचिन गर्ग एवं उनके सहयोगियों के प्रयासों की सरहाना की I आगुन्तक समस्त अधिकारियो एवं प्रवक्ताओं के लिए भोजन इत्यादि की वयवस्था की गई I सम्पूर्ण वयवस्था का श्रेय अग्रवाल विद्या प्रचरिणी सभा के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता जी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी को जाता है जिनके संरक्षण में अग्रवाल महाविद्यालय दिनों दिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है और महाविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा पूर्ण करने के बाद अनेकानेक उच्च पदों पर आसीन होकर महविद्यालय की यशपातका को चहुँदिशा में फेहरा रहे हैं I समाचार लिखे जाने तक चयनित प्रक्रिया प्रगति पर थी I